2020/00389

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

**प्रार्थी/अपीलांट** — **बनाम** — **अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट**

श्री सवाराम कुमार पुत्र श्री रामाजी
जाति कलबी
निवासी नई धनारी तहसील पिण्डवाडा
जिला सिरोही।

सरकार जरिये नायबतहसीदार
पिण्डवाडा

**किस्म मुकदमा– स्थगन प्रार्थना–पत्र** — **मुकदमा नं. 88 वर्ष 2020**

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 06.10.2020 | प्रार्थी ने यह स्थगन प्रार्थना–पत्र नायबतहसीलदार पिण्डवाडा के मुकदमा सं. 253/2020 में पारित आदेश दिनांक 13.03.2020 के विरूद्ध धारा 75 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील के साथ–साथ धारा 81 के तहत यह स्थगन प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया । जिस पर प्रार्थी अधिवक्ता श्री शैतानसिंह भाटी की एक पक्षीय बहस सुनी गई, सुविधा का सन्तुलन प्रार्थी के पक्ष में होने से नायबतहसीलदार पिण्डवाडा के निर्णय में सजा के आदेश की क्रियान्विति में अग्रिम आदेश तक रोक लगाई जाती है। प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर होकर अप्रार्थी को नोटिस जारी कर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब होकर पत्रावली दिनांक 06.11.2020 को पेश हो । <br><br> जिला कलक्टर, सिरोही | |
| 06.11.2020 | अपीलांट/प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। पैरोकार सरकार उपस्थित। अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख प्राप्त हुआ। नोटिस तामिलशुदा प्राप्त हुआ। दोनों पक्षों की बहस सुनी गई। अपीलांट की अपील में सिविल कारावास की सजा निरस्त करने का निर्णय आज हो चुका है। अतः इस स्थगन प्रार्थना–पत्र पर अब किसी तरह की कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से इस स्थगन प्रार्थना–पत्र को इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। <br><br> (भगवती प्रसाद) <br> जिला कलक्टर, सिरोही | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 17:10:25 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner